# टेबमा शिपयार्ड्स लिमिटेड
## (कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा पूर्ण स्वामित्ववाली सहायक कंपनी,
## भारत सरकार का उद्यम)

सं. सीएसएल/ टीएसएल/ परि./मा.सं./01/2020 खंड-I भाग (ए) 01 फरवरी 2021

## नियत अवधि केलिए अनुबंध के आधार पर पूर्व-टेबमा कर्मचारियों केलिए भर्ती अभियान
## टेबमा शिपयार्ड्स लिमिटेड (टीएसएल) में प्रवेश चयन

टेबमा शिपयार्ड्स लिमिटेड (टीएसएल), माल्पे, कर्नाटक राज्य जो कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल), भारत सरकार के एक सूचीबद्ध मिनिरत्न कंपनी, के एक पूर्ण स्वामित्ववाली सहायक कंपनी है । टीएसएल के मौजूदा बुनियादी ढांचे के पुनरुद्धार और संचालन केलिए, टीएसएल की ओर से सीएसएल, निम्नसूचित तिथियों पर **नियत अवधि के अनुबंध के आधार पर** टीएसएल में निम्नलिखित पदों को भरने केलिए **प्रवेश चयन** हेतु **टेबमा शिपयार्ड्स के पात्र पूर्व-कर्मचारियों** को आमंत्रित करता है ।

### I. पद/भूमिका, रिक्तियों की संख्या और अनुभव

| **नियत अवधि पर अनुबंध आधार पर अधिकारी** | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **पद/ भूमिका** | **रिक्तियों की संख्या** | **अनुभव** | **प्रवेश चयन की तिथि** |
| 1 | ब्लॉक संरचना एवं हल निर्माण | 1 | पोत निर्माण गतिविधियों मुख्य रूप से ब्लॉक संरचना, हल निर्माण और जलावतरण गतिविधियों में अनुभव । 60 मी. या उससे अधिक के पोतों के निर्माण में अनुभव होना चाहिए । शिपयार्डों में कम से कम 9 वर्षों का कुल अनुभव और टेबमा शिपयार्ड्स में न्यूनतम 5 साल का अनुभव वरीय है । | **18 &19 फरवरी 2021** |
| 2 | विद्युत | 1 | पोतों पर आउटफिट्टिंग विद्युत/ इलेक्ट्रॉनिक्स/ इंस्ट्रुमेंटेशन /ऑटोमेशन में अनुभव । विशिष्ट जहाज़ों/ अपतटीय जहाज़ों/रक्षा जहाज़ों को संभालने में अनुभव को वरीयता मिलेगी । शिपयार्डों में कम से कम 9 वर्षों का कुल अनुभव और टेबमा शिपयार्ड्स में न्यूनतम 5 साल का अनुभव वरीय है । | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3 | स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरण | 1 | क्रियाशील शिपयार्ड के स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण गतिविधियों में अनुभव । एचएसई प्रमाणन, अनुपालन, वैधानिक अपेक्षाओं में पर्याप्त ज्ञान होना चाहिए और शिपयार्डों में एचएसई नीतियों एवं प्रक्रियाओं के कार्यान्वयन में जिम्मेदार पदों को संभाला जाना चाहिए । कम से कम 6 वर्षों का कुल अनुभव और टेबमा शिपयार्ड्स में लगभग 2 वर्षों का अनुभव वरीय है । | **18 &19 फरवरी 2021** |
| 4 | सूचना प्रौद्योगिकी | 1 | कार्यालय, अधिमानतः बहु स्थान सुविधाओं के आईटी हार्डवेयर एवं नेटवर्क के प्रबंधन संभालने में अनुभव । हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर, परियोजना प्रबंधन उपकरण, डिज़ाइन एवं इंजीनियरिंग उपकरण/प्लेटफॉर्म के सोर्सिंग एवं प्रबंधन में अनुभव और संगठन, जिसमें 150 कर्मचारी वरीय है, में ईआरपी प्रणालियों के कार्यान्वयन/संचालन में प्रायोगिक पहुँच होना चाहिए । | |
| **<u>नियत अवधि केलिए अनुबंध के आधार पर कामगार</u>** | | | | |
| 5 | ड्राइवर | 2 | वैध ड्राइविंग लाइसेंस और ड्राइविंग और एलएमवी/एचएमवी के रखरखाव में अनुभव हो । | **18 &19 फरवरी 2021** |

**उम्मीदवारों को निम्नलिखित को अपने साथ लाना है :-**

- **i) <u>अनुबंध- I</u> में दिए गए प्रपत्र के अनुसार भरे गए आवेदन ।**
- **ii) आयु का प्रमाण (एसएसएलसी/ एसएससी/ जन्म प्रमाणपत्र/ भारतीय पासपोर्ट) ।**
- **iii) टेबमा शिपयार्ड्स से अनुभव/ सेवा प्रमाणपत्र ।**
- **iv) टेबमा शिपयार्ड्स से अंतिम वेतन प्रमाणपत्र/ वेतन विवरण ।**
- **v) टेबमा शिपयार्ड्स के दो कर्मियों (संदर्भ हेतु) का नाम ।**

## II. <u>अनुबंध की अवधि</u>

उपरोक्त सभी पद **पांच वर्ष की नियत अवधि** केलिए है।

## III. <u>पारिश्रमिक</u>

वेतन, योग्यता/ अनुभव के अनुरूप होगा। उम्मीदवारों को टेबमा शिपयार्ड्स से आहरित अंतिम वेतन का विवरण (वेतन पर्ची/ प्रमाणपत्र आदि की प्रतिलिपि) लाना चाहिए।

**IV. <u>आयु</u>**

टीएसएल के विवेकाधिकार पर आयु में छूट होगी।

**V. <u>चयन का प्रकार</u>**

क) अपेक्षाओं को पूरा करने वाले उम्मीदवारों को **टेबमा शिपयार्ड्स, माल्पे में दिनांक 18 फरवरी से 19 फरवरी 2021 तक (पंजीकरण 0900 बजे से 1500 बजे तक)** आयोजित होने वाले प्रवेश चयन में भाग लेना है।

**ख) उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे निर्धारित तिथि और समय के अंदर उपरोक्त स्थान पर प्रवेश चयन केलिए रिपोर्ट करें।**

ग) पद केलिए चयन का प्रकार साक्षात्कार, परीक्षा आदि के माध्यम से क्षमताओं के मूल्यांकन के आधार पर होगा ।

**घ) उम्मीदवारों की संख्या के आधार पर, चयन समिति द्वारा तय किए गए अनुसार मूल्यांकन उसी दिन या अगले/ बाद की तिथि में निर्धारित किया जाएगा और उम्मीदवारों को सूचित किया जाएगा।**

**VI. <u>शर्तें</u>**

क. **<u>योग्यता</u>**

क) **उम्मीदवार जो टेबमा शिपयार्ड्स के पूर्व कर्मचारी है केवल उन्हें प्रवेश चयन में भाग लेने की आवश्यकता है और केवल पद केलिए निर्दिष्ट अनुभव वाले ऐसे उम्मीदवारों को ही विचार किया जाएगा।**

ख) **उम्मीदवार से अनुरोध है कि वे अनुभव के सत्यापन केलिए टीएसएल से जारी किए अनुभव / सेवा प्रमाणपत्र लाएं।**

ख. **<u>सामान्य:</u>**

क) कोविड़- 19 महामारी की स्थिति के वर्तमान संदर्भ में, उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि टेबमा शिपयार्ड्स में प्रवेश चयन में भाग लेते समय निम्न सूचितानुसार सभी सुरक्षा संबंधी अनुदेशों का पालन करें:-

(i) **प्रवेश चयन में भाग लेने केलिए सभी उम्मीदवारों को कोविड़ -19 के निवारण हेतु दिशा-निर्देशों को सख्त रूप में पालन करना चाहिए।**

(ii) यह सलाह दी जाती है कि भीड़ से बचें और सामाजिक दूरी बनाए रखें और हाथों की स्वच्छता रखें। सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करते समय व्यक्तिगत सुरक्षा जैसे मास्क, गोगिल्स, दस्ताने आदि पहनें औ खाली हाथों से सतहों को छूने से बचें।

(iii) प्रवेश चयन में भाग लेने वाले सभी उम्मीदवार अपनी नाक, मुंह, गाल आदि ढंकते हुए उचित फेस मास्क पहनें। उम्मीदवार द्वारा पहचान केलिए गेट पर मास्क को हटाया जाएगा। **फेस मास्क न पहने उम्मीदवारों को चयन केलिए अनुमति नहीं दी जाएगी।**

(iv) प्रवेश पाने वाले सभी उम्मीदवारों को गेटों, प्रवेश द्वार आदि में चिह्नित स्थानों पर खड़ा होना चाहिए ताकि इन स्थानों पर दो मीटर की सामाजिक दूरी सुनिश्चित की जा सके।

**(v) प्रवेश/ निकास केलिए स्थान या गेटों में भीड़भाड़ की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

(vi) सभी उम्मीदवार किसी भी खंभे, बार, हैंडरेल आदि को छूने से बचें।

(vii) सभी उम्मीदवारों को सुरक्षा जांच केलिए गेटों पर अपने जैकेट / ऑवरकोट आदि को हटा देना चाहिए।

(viii) गेटों से प्रवेश करनेवाले सभी उम्मीदवारों को थर्मल स्कैनर के साथ अनिवार्य स्क्रीनिंग की जाएगी।

**(ix) श्वास संबंधी समस्याओं के साथ बुखार और खांसी वाले उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे प्रवेश चयन में भाग न लें। ऐसे लक्षणों वाले व्यक्तियों को टेबमा शिपयार्ड्स में चयन केलिए नहीं आना चाहिए। ऐसे उम्मीदवार ईमेल career@cochinshipyard.com द्वारा मामले को सूचित कर सकते हैं।**

(x) सभी उम्मीदवारों को अपनी पानी की बोतलें/ अन्य जलपान लाना चाहिए और व्यक्तिगत सामग्रियों को बाँटने से बचें।

(xi) सभी उम्मीदवारों को अपनी लेखन सामग्री लाना चाहिए और ऐसे वस्तुओं को बांटने से बचें।

(xii) परीक्षा के स्थान के अलावा टेबमा शिपयार्ड्स के किसी भी अन्य क्षेत्रों/ भवनों/ कार्य क्षेत्रों में गमनागमन करना निषिद्ध है।

**b) उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करने की सलाह दी जाती है कि वे पद केलिए आवश्यक अनुभव को पूरा करते हैं ।**

ग) टीएसएल पात्रता आवश्यकताओं के समर्थन में उम्मीदवारों से किसी भी अतिरिक्त दस्तावेज़ी प्रमाण मांगने का अधिकार रखता है । यदि कोई प्रश्न हो तो ईमेल **career@cochinshipyard.com** द्वारा प्राप्त कर सकते है। फिर भी, निर्धारित तारीख और समय के भीतर इस तरह के ईमेल के किसी भी देरी/ न प्राप्ति केलिए कोचीन शिपयार्ड उत्तरदायी नही होगा।

घ) चयन केलिए भाग लेने वाले उम्मीदवारों को यात्रा भत्ता/ दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा।

ङ) रिक्तियां एक विनिर्दिष्ट अवधि केलिए अनुबंध आधार पर है और चयनित उम्मीदवारों के अनुबंध अवधि पूरे होने के समय या बाद में नियमित कैडर में नियुक्ति केलिए टीएसएल उत्तरदायी नहीं होगा।

च) उम्मीदवार को कंपनी द्वारा निर्धारितानुसार चिकित्सा योग्यता मानकों को पूरा करना है और अच्छा स्वास्थ्य रखना चाहिए। नियुक्ति केलिए लघुसूचीगत उम्मीदवारों को टीएसएल द्वारा निर्धारित अस्पतालों में चिकित्सा परीक्षा केलिए जाना होगा।

**छ) अपात्रता, आवश्यक चिकित्सा मानकों आदि न के मामले में उम्मीदवारी के निरसन के संबंध में पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।**

ज) पदों केलिए अनुभवी उम्मीदवारों की सूचियों को बनाए रखा जाएगा और सूची से किसी उम्मीदवार के शामिल न होने के कारण रिक्त होने की स्थिति में, या जहां एक उम्मीदवार टीएसएल में शामिल होने की तारीख से और टीएसल में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से एक वर्ष की अवधि के दौरान पद से एक व्यक्ति के अलग होने की स्थिति में सूची पर विचार किया जाएगा । जब तक एक ही पद केलिए नई अधिसूचना जारी नहीं की जाती, तब तक सूची की वैधता अवधि एक वर्ष तक या टीएसएल द्वारा तय की गई तारीख तक होगी । संचालन की गति में वृद्धि के आधार पर, अतिरिक्त रिक्तियों को भी प्रवेश चयन में भाग लेनेवाले उम्मीदवारों के बीच से मांगा जा सकता है ।

झ) उपरोक्त या किसी अन्य शर्तों के बावजूद, टीएसएल को अधिसूचित रिक्तियां न भरने का भी अधिकार होगा। इसके अलावा, अधिसूचित रिक्तियों में भर्ती, रैंक सूची में उम्मीदवारों की उपयुक्तता और नौकरी की आवश्यकताओं के अधीन की जाएगी । टीएसएल को यदि अपेक्षित है तो, सूचना के बिना अथवा उसके लिए कोई भी कारण नियत किए बिना भर्ती प्रक्रियाएं सीमित करने / बदलने/ रद्द करने / परिवर्तन करने का अधिकार है।

ञ) यदि किसी स्थिति में, कोई सूचित कार्य असत्य/ गलत पाया गया या उम्मीदवार योग्यता अपेक्षाओं को पूरा न करते हैं तो, बिना सूचना के उम्मीदवारी / नियुक्ति, रद्द/ अस्वीकृत की जाएगी।

ट) इस विज्ञापन से व्युत्पन्न किसी दावा अथवा विवाद के संबन्ध में किसी वैध कार्रवाई और/अथवा इस संबन्ध में आवेदन केवल एर्णाकुलम में अधिकार क्षेत्र होने वाले न्यायालय/ट्रिब्यूनल/मंच में संस्थापित कर सकता है और ऐसे न्यायालय व प्राधिकरण को एकमात्र तथा विशिष्ट अधिकार क्षेत्र होगा।

ठ) विज्ञापन में कोई आशोधन, संशोधन अथवा परिवर्तन केवल सीएसएल वेबसाइट में ही दी जाएगी।

ड) कोई भी प्रश्न केलिए, कृपया ई-मेल career@cochinshipyard.com के ज़रिए संपर्क करें।

**"किसी प्रकार की मतार्थना अयोग्यता मानी जाएगी। "**
**"केवल भारतवासी ही आवेदन करें ।"**

ह/-
कृते टेबमा शिपयाड्र्स लिमिटेड
उप महाप्रबंधक (कार्मिक व प्रशासन)
कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड